भारत सरकार
रक्षा मंत्रालय
प्रधान निदेशालय, रक्षा संपदा, उत्तरी कमान
जम्मू छावनी-180003

रक्षा संपदा विभाग के विभिन्न कार्यालयों में केवल भारतीय नागरिकों से उप मंडल अधिकारी ग्रेड-। के 08 पदों तथा उपमंडल अधिकारी ग्रेड-।।। के 05 पदों की भर्ती हेतु निर्धारित प्रपत्र (नीचे दिए) पर आवेदन पत्र आमंत्रित किए जाते हैं । पात्रता की शर्तें, खाली पदों की स्थिति तथा अन्य विवरण निम्नलिखित है:-

पद का नाम तथा वेतनमान	**सा.**	**अ.पि.व.**	**अ.जा.**	**अ.ज.जा.**	**शा.वि./ भू.पू.सै.**	**दिनांक 30.01.2016 को आयु**	**अनिवार्य शैक्षिक योग्यता**
उप मंडल अधिकारी ग्रेड-। (वर्ग 'ग' अराजपत्रित) रुपये 9300-34800 + ग्रेड वेतन रुपये 4200	04	01	01	01	01 शा.वि.(सु. वि.)	18 वर्ष की आयु पूर्ण कर ली हो किन्तु 32 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए ।	i) सिविल इंजिनियरिंग में डिग्री । अथवा ii) सिविल इंजिनियरिंग में डिप्लोमा तथा इसी क्षेत्र में कार्य करने का कम से कम तीन वर्ष का अनुभव ।
उप मंडल अधिकारी ग्रेड-।।। (वर्ग 'ग' अराजपत्रित) रुपये 5200-20200 + ग्रेड वेतन रुपये 2400	01	--	--	--	02 शा.वि.(सु. वि.) 02 भू.पू.सै.	18 वर्ष की आयु पूर्ण कर ली हो किन्तु 27 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए ।।	i) दसवीं कक्षा अथवा समकक्ष । ii) मान्यता प्राप्त/ पंजिकृत संस्थान से सर्वेक्षण (सर्वेइंग) या प्रारूपकार (ड्राफ्टमैंनसिप) में 02 वर्ष अवधि का डिप्लोमा अथवा प्रमाणपत्र ।

टिप्पणी: सा. - सामान्य श्रेणी, अ.पि.व. - अन्य पिछड़ा वर्ग, अ.जा. - अनुसूचित जाति, अ.ज.जा. - अनुसूचित जन जाति, शा. वि.- शारीरिक रूप से विकलांग, (सु. वि. - सुनने से विकलांग), भू.पू.सै. - भूत पूर्वक सैनिक ।

2. <u>आयु में शिथिलता</u>

i) आयु सीमा में अ.जा. तथा अ.ज.जा. को 05 वर्ष, अ.पि.व. को 03 वर्ष तथा शारीरिक रूप से विकलांग उम्मीदवारों को 10 वर्ष की छूट दी जाएगी ।

ii) विभागीय उम्मीदवार, जिन्होंने 3 वर्ष की नियमित सेवा पूर्ण कर ली है, को आयु में 40 वर्ष तक की छूट होगी । उपरोक्त के अतिरिक्त अ.जा./अ.ज.जा./अ.पि.व. से संबंधित उम्मीदवारों को उपरोक्त (i) के अनुसार आयु सीमा में छूट होगी ।

iii) जम्मू-कश्मीर राज्य में सामान्य रूप से रह रहे सभी व्यक्तियों को आयु सीमा में 5 वर्ष की छूट देय होगी ।

iv) उपरोक्त (iii) के अंतर्गत आयु में छूट का दावा करने वाले उम्मीदवारों को जिला मैजिस्ट्रेट द्वारा जारी इस आश्य का प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा कि वे 1 जनवरी, 1980 से 31 दिसम्बर, 1989 तक जम्मू-कश्मीर के निवासी रहे हैं ।

v) अन्य श्रेणियों के उम्मीदवारों को सरकार द्वारा समय-समय पर जारी आदेशों के अंतर्गत छूट दी जाएगी ।

3. उपरोक्त पदों के लिए चयनित उम्मीदवारों को भारत में कहीं भी नियुक्त किया जा सकता है ।

4. इस चयन हेतु कुल 150 अंकों की लिखित परीक्षा/कौशल परीक्षा होगी । परीक्षा पत्र द्विभाषी अर्थात हिंदी तथा अंग्रेजी में होंगे । लिखित परीक्षा के संघटक (कंपोन्नेट्स) निम्नलिखित अनुसार होंगे:-

i)	तकनीकी ज्ञान	- 110 अंक
ii)	सामान्य ज्ञान/सामान्य अभिक्षमता	- 15 अंक
iii)	सामान्य अंग्रेजी	- 15 अंक

5. लिखित परीक्षा में चयनित उम्मीदवारों को ईटीएस (इलैक्ट्रोनिक टोटल स्टेशन) पर कार्य करने तथा भूमि सर्वेक्षण के अन्य पहलुओं से संबंधित 10 अंकों की कौशल परीक्षा देनी होगी ।

6. लिखित परीक्षा तथा कौशल परीक्षा जम्मू में आयोजित की जाएगी ।

पृष्ठ..2..पर शेष...

7. आवेदन पत्र प्राप्ति की अंतिम तिथि 30.01.2016 है । आसाम, मेघालय, अरुणाचल प्रदेश, मिंजोरम, नागालेंड, त्रिपुरा, सिक्कम, जम्मू-कशमीर राज्य के लद्दाख सब-डिविजन, हिमाचल-प्रदेश के लाहौल-स्पिति तथा पांगी सब-डिविजन, अंडेमान तथा निकोबार दीपसमूह तथा लक्षदीप में रहने वाले उम्मीदवारों के लिए दो सप्ताह का अतिरिक्त समय दिया गया है तथा आवेदन पत्र प्राप्ति की अंतिम तिथि 15.02.2016 है ।

8. पात्र उम्मीदवारों को लिखित परीक्षा/कौशल परीक्षा में उपस्थित होने के लिए बुलाया जाएगा, जिसकी तिथि, समय तथा परीक्षा केंद्र संबंधी सूचना उन्हें अलग से दी जायेगी । इसके लिए कोई यात्रा भत्ता/दैनिक भत्ता नहीं दिया जायेगा ।

9. प्रत्येक श्रेणी के लिए 3 उम्मीदवारों को एक आरक्षित सूची (रिजर्व पैनल) में रखा जाएगा तथा इस की वैधता इस संबंध में निर्धारित सरकारी अनुदेशों अनुसार रहेगी । यह निर्देशित किया जाता है कि आरक्षित सूची में नाम आ जाना नियुक्ति का अधिकार नहीं है ।

10. आवेदन पत्र निर्धारित प्रपत्र पर सामान्य डाक द्वारा नीचे दिए गए पते पर भेजने होंगे । आवेदकों को स्वंय का पता लिखित 5 रुपये का डाक-टिकट लगा एक पोस्ट-कार्ड भी आवेदन पत्र के साथ संलग्न करना होगा ताकि आवेदन पत्र की पावती भिजवाई जा सके ।

परीक्षा शुल्क तथा उसके भुगतान का विधि:-

11. उम्मीदवारों को यह सुझाव दिया जाता है कि वे 100 रूपये राशि का प्रधान निदेशक, रक्षा संपदा, उत्तरी कमान, जम्मू छावनी के पक्ष में जारी तथा भारतीय स्टेट बैंक, सतवारी शाखा, जम्मू में देय डिमांड-ड्राफ्ट आवेदन पत्र के साथ संलग्न करें । अनुसूचित जाति, अनुसूचित जन जाति तथा महिला उम्मीदवारों के लिए परीक्षा शुल्क में छूट है ।

12 आवेदन पत्र के साथ स्वंय का पता लिखित तथा 5 रूपये के डाक टिकट लगे 10 सैं.मी.x22 सैं.मी. आकार के दो लिफाफे भी सलंग्न किए जाने होंगे ।

13. आवेदक को स्वंय द्वारा सत्यापित (सैल्फ अटैस्टड) पास-पोर्ट आकार के दो फोटो देने होंगे, जिनमें से एक आवेदन प्रपत्र पर चिपकाना होगा तथा दूसरा आवेदन पत्र के साथ संलग्न करना होगा ।

14. अपूर्ण अथवा वांछित दस्तावेजों के बिना, अथवा निर्धारित शुल्क (जहां लागू है) के बिना तथा निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पत्रों को निरस्त कर दिया जाएगा । **निरस्त किए गए आवेदन पत्रों के साथ प्राप्त डिमांड-ड्राफ्ट लौटाए नहीं जाएंगे ।**

15. सरकार का यह प्रयास है कि सरकारी कार्यालयों में कर्मचारियों का लैगिक अनुपात संतुलित रहे, अत: महिला उम्मीदवारों को आवेदन करने हेतु प्रोत्साहित किया जाता है ।

16. उपरोक्त दोनों पदों के लिए आवेदन करने के इच्छुक उम्मीदवारों को दोनों पदों के लिए अलग-अलग प्रार्थना पत्र तथा शुल्क भेजना होगा ।

17. आवेदन प्रपत्र का नमूना नीचे दिया गया है । इस के अतिरिक्त आवेदन प्रपत्र निम्नलिखित वैबसाइटों के माध्यम से भी डाइनलोड किए जा सकते हैं:-

महानिदेशक, रक्षा संपदा, नई दिल्ली - www.dgde.gov.in
छावनी परिषद्, जम्मू - www.cbjammu.org

सं.15/60/अपांइटमैंट/एड्म/डीई/एनसी/
दिनांक दिसंबर, 2015

प्रधान निदेशक
रक्षा संपदा, रक्षा मंत्रालय
उत्तरी कमान, नरवाल पाँई
डाकघर सतवारी, जम्मू छावनी ।
पिन-180003

आवेदन प्रपत्र

(केवल ए-4 आकार में छापा जाए)

उपमंडल अधिकारी ग्रेड-I के लिए आवेदन पत्र (कृपया चिन्हित (✓) करें) ☐   उपमंडल अधिकारी ग्रेड-III के लिए आवेदन पत्र ☐

1. पूरा नाम (बड़े अक्षरों में) :

2. पिता / पति का नाम :

3. स्थाई पता :
   (पिन कोड सहित)

4. वर्तमान पत्राचार का पता :
   (पिन कोड, संपर्क, मोवाइल नंबर तथा ई-मेल सहित)

5. जन्मतिथि :

तिथि	महिना	वर्ष

6.

दिनांक 30.01.2016 को आयु	दिन	माह	वर्ष

7. लिंग

महिला	पुरुष

8.

वैवाहिक स्थिति (कृपया चिन्हित (✓) करें)	विवाहित	अविवाहित

9. श्रेणी (कृपया (✓) चिन्हित करें)

सामान्य	अ.पि.व.	अ.जा.	अ.ज.जा.	शा.वि.	भू.पू.सै.	
					सामान्य	अ.पि.व.
(कृपया अ.पि.व., अ.जा., अ.ज.जा., शा.वि. (सु.वि.) तथा भू.पू.सै. के समर्थन में सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र की प्रति संलग्न करें)						

10. डिमांड-ड्राफ्ट का विवरण

डिमांड ड्राफ्ट सं. व तिथि	बैंक का नाम	शाखा

11. शैक्षिक योग्यता

क्रम सं.	योग्यता का नाम	विश्वविद्यालय/कॉलेज/ स्कूल/ संस्थान	वर्ष जिसमें परीक्षा पास की	श्रेणी/डिविजन/ग्रेड	अंकों का प्रतिशत
1.	मैट्रिक या समकक्ष				
2(ए) उपमंडल अधिकारी ग्रेड-I के लिए	i) सिविल इंजिनियरिंग में डिग्री अथवा ii) सिविल इंजिनियरिंग में डिप्लोमा तथा इसी क्षेत्र में कार्य करने का कम से कम तीन वर्ष का अनुभव ।				
2(बी) उपमंडल अधिकारी ग्रेड-III के लिए	मान्यता प्राप्त/ पंजिकृत संस्थान से सर्वेक्षण (सर्वेइंग) या प्रारूप-कार (ड्राफ्टमैंनसिप) में 02 वर्ष अवधि का डिप्लोमा अथवा प्रमाणपत्र ।				
3.	अतिरिक्त योग्यता (यदि आवश्यक हो तो लाइन जोड़ें)				
4.	10+2 (इंटरमिडिएट)				
5.	स्नातक				

पृष्ठ..2..पर शेष....

टिप्पण:- क्रम सं.1+2 (जो कि लागू है) के प्रमाण पत्रों की छाया प्रतियां स्वंय सत्यापित कर आवेदन पत्र के साथ संलग्न की जाएं ।

12. वर्तमान रोजगार यदि हो तो का विवरण :

13. अनुभव (यदि हो तो)

क्रं.सं.	संगठन का नाम	(तिथि) से	तक	पदनाम	कार्य की प्रकृति

14. <u>घोषणा</u>

मैं एतद्द्वारा घोषणा करता/करती हूँ कि आवेदन पत्र में दिया गया विवरण मेरे ज्ञान तथा विश्वास अनुसार पूर्ण तथा सही है । लिखित परीक्षा/कौशल परीक्षा से पूर्व अथवा उपरान्त यदि आवेदन पत्र में दी गई कोई सूचना झूठी, गलत अथवा अपूर्ण पाई जाती है तो मेरी उम्मीदवारी निरस्त कर दी जायेगी तथा भर्ती संबंधी मेरा दावा समाप्त कर दिया जायेगा ।

स्थान :
दिनांक:

उम्मीदवार के हस्ताक्षर
(उम्मीदवार का नाम)